an>

Title: Need to take steps to make Urea available at lower price.

श्री भगवंत मान (संगरूर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे किसानों के गंभीर विषय पर बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। पंजाब राज्य का किसान पूरे देश को अनाज देता है। पूरे देश का पेट पालने वाला किसान आज खुद भूखे पेट रहने के लिए मजबूर है क्योंकि सरकार ने इस सीज़न की धान की फसल खरीद तो ली है लेकिन पैसों का भुगतान नहीं किया है। किसान के जख्मों पर नमक डालने वाली बात यह हुई कि अब गेहूं की फसल को बोने और पालने के लिए यूरिया की कमी हो गई है। यूरिया भी नहीं मिल रहा है और पिछली फसल के पैसे भी नहीं मिले हैं। किसानों को ब्लैक मार्किट में यूरिया बहुत महंगा खरीदना पड़ रहा है और इस कारण कमीशन एजेंटों और किसानों के बीच आपस में लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। इससे आत्महत्याओं में भी बहुत इजाफ़ा हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि तुरंत किसानों के पैसों का भुगतान किया जाए, यूरिया की अवेलेबिलिटी सस्ते दाम पर कराई जाए ताकि किसान सुखद जीवन जी सकें और कर्ज से मुक्त हो सकें।